

A NEW ILLUSTRATED HOMAGE TO THE 1875 MASTHEAD · १८७५ के मुखशीर्ष से प्रेरित नया चित्रांकन

VOL. 01 / ISSUE 02

November, 2026.

नवंबर २०२६

THE PRINTING ISSUE · मुद्रण विशेषांक

IN THIS ISSUE · इस अंक में

02 — Dazzle & Diyas: the celebration remembered
दीयों की रौनक, मुलाक़ातों की याद

03 — Munshi ji: a world of readers
मुंशी जी और पाठकों का संसार

04–05 — Inside the karkhana
अक्षर से किताब तक

06 — Printing through the ages
छपाई के बदलते रूप

07 — Sarshar & Premchand: behind the pages
सरशार और प्रेमचंद: संपादक की मेज़

08–09 — Khoji and the missing letter
खोजी और गुमशुदा अक्षर

10 — Walk through the virtual museum
डिजिटल संग्रहालय में चलिए

11 — Metaphor: the conversation continues
मेटाफ़र लखनऊ लिटफ़ेस्ट

12 — CIBO & Kaushyam: new arrivals
स्वाद और बुनाई के नए पते

THE ART OF MAKING A BOOK · किताब बनने की कहानी

LIFE AT LE PRESS · परिसर की ख़बरें

Lucknow, you made it sparkle.

दीयों की रौनक, मुलाक़ातों की याद।

DAZZLE & DIYAS · 25 OCTOBER 2026

A city's festive spirit lives in the people who make things—and the people who stop to discover them. On 25 October, Dazzle & Diyas brought both together at Le Press.

October's journal introduced the hands behind the craft. This time, exhibitors and visitors tell the story themselves. Healing Harvest, Mahik Designs and Viya Luxe shared their experiences, alongside visitors' festival diaries.

To everyone who exhibited, performed, browsed or brought a friend: thank you. Revisit the day through their reels and find a moment you may have missed.

Next stop: Metaphor, 28–29 November. See you there.

शहर की रौनक बनाने वालों और ठहरकर उनका हुनर देखने वालों से है। २५ अक्टूबर को Dazzle & Diyas ने ले प्रेस में दोनों को मिलाया।

अक्टूबर के अंक में हमने हुनरमंद हाथों की बात की थी। इस बार कहानी उन्हीं की ज़ुबानी है। Healing Harvest, Mahik Designs, Viya Luxe और दर्शकों ने अपनी यादें साझा की हैं।

स्टॉल लगाने, संगीत सुनाने, घूमने या किसी दोस्त को साथ लाने वाले हर शख़्स का शुक्रिया। QR से वे पल फिर देखिए—शायद कोई नई खोज आपका इंतज़ार कर रही हो।

अब २८–२९ नवंबर को मेटाफ़र में मिलिए। महफ़िल का अगला रंग किताबों और बातचीत के नाम।

Official festival announcement.

Le Press dressed in festive light. Still from the campus film.

SCAN / TAP TO EXPLORE

Revisit Dazzle & Diyas

lepress.in

NOVEMBER 2026 · THE PRINTING ISSUE / मुद्रण विशेषांक

Munshi ji: a world of readers.

मुंशी जी: पाठकों का संसार

For Munshi Newal Kishore, a world of readers began with a world of books.

Founded in Lucknow in 1858, his press published approximately 5,000 titles during his lifetime, according to Heidelberg's bibliography. Hindi, Urdu, Arabic, Persian, Sanskrit and English shared this world of print. [1]

Poetry stood alongside religious learning, schoolbooks, medicine and translations. Behind every volume were writers, editors, translators and craftspeople bringing a text to its readers.

Open a book. Notice the script, the spacing and the care of its arrangement. Small details lead into a larger story. Meet it in the museum film.

एक प्रकाशक पाठक के लिए कितनी दुनिया खोल सकता है? मुंशी नवल किशोर जी का उत्तर कई भाषाओं और विषयों में फैला था।

१८५८ में लखनऊ में स्थापित प्रेस ने उनके जीवनकाल में लगभग ५,००० शीर्षक प्रकाशित किए। हिंदी, उर्दू, अरबी, फ़ारसी, संस्कृत और अंग्रेज़ी इस संसार का हिस्सा थीं। [1]

कविता, धार्मिक ग्रंथ, पाठ्यपुस्तकें, चिकित्सा और अनुवाद—हर किताब के पीछे लेखकों, संपादकों, अनुवादकों और कारीगरों का काम था।

किताब खोलिए। लिपि, अक्षरों के बीच जगह और पन्ने की बनावट देखिए। इन्हीं बारीकियों से बड़ी कहानी का रास्ता खुलता है। संग्रहालय की फ़िल्म में उससे मिलिए।

Munshi Newal Kishore, 1836–1895. Historical portrait.

SCAN / TAP TO EXPLORE

Watch the museum introduction

lepress.in · opens in your browser

NOVEMBER 2026 · THE PRINTING ISSUE / मुद्रण विशेषांक

Two ways to make a page.

कारख़ाने के भीतर: पन्ना बनाने के दो रास्ते

The raised letter

Movable type uses separate raised characters assembled into a page. Ink touches their printing faces; pressure transfers the impression to paper. The pieces can be rearranged for another setting. [2]

A type case is a system of selection and order. A page that is effortless to read first had to be composed.

The flat stone

Lithography works differently. On a prepared surface, image areas accept oily ink while damp non-image areas resist it. Both lie on the same plane. [3]

The stone is not carved like a relief block. Follow the ink to understand the difference.

उभरा अक्षर

चल टाइप में अलग-अलग उभरे अक्षर जोड़कर पन्ना बनता है। ऊपरी भाग पर स्याही लगती है और दबाव से काग़ज़ पर छाप उतरती है। टाइप दूसरे पन्ने के लिए फिर जमाया जा सकता है। [2]

टाइप केस के खाने चयन और व्यवस्था का हिस्सा हैं। सहज पढ़ा जाने वाला पन्ना भी अक्षर-अक्षर जोड़कर बनाया गया था।

सपाट पत्थर

लिथोग्राफी में तैयार सतह के चित्र वाले भाग तैलीय स्याही ग्रहण करते हैं; नम, बिना चित्र वाले हिस्से उसे रोकते हैं। दोनों एक ही तल पर हैं। [3]

पत्थर को उभरे ब्लॉक की तरह तराशा नहीं जाता। अंतर समझने के लिए स्याही का रास्ता देखिए।

RELIEF / TYPE

Raised characters → ink → paper

LITHOGRAPHY

Flat surface · image accepts ink
Damp non-image areas resist ink

SCAN / TAP TO EXPLORE

Explore the machines in 3D

lepress.in · opens in your browser

NOVEMBER 2026 · THE PRINTING ISSUE / मुद्रण विशेषांक

From printed sheet to book.

छपे काग़ज़ से किताब तक

The press has made its impression. But the book is not finished yet.

Loose sheets must become pages that turn easily and stay together. In a traditional sewn book, folded gatherings are put in order and joined through their folds. A covering protects the text block. [4]

Look at the centre fold, thread and spine of an open book. Each reveals something about the hands that made it.

From preparing and proofing to printing, drying, folding and binding, the journey rewards patience. Next time you pick up a book, spare a thought for the work hidden inside its spine.

प्रेस ने अपनी छाप छोड़ दी है। लेकिन किताब अभी पूरी नहीं बनी।

अलग-अलग काग़ज़ को ऐसे पन्ने बनना है जो आसानी से पलटें और साथ जुड़े रहें। पारंपरिक सिली किताब में तहों को क्रम से रखकर मोड़ों से सिला जाता है। आवरण पन्नों की रक्षा करता है। [4]

खुली किताब के बीच का मोड़, धागा और रीढ़ देखिए। हर बारीकी उसे बनाने वाले हाथों का पता देती है।

पाठ और प्रूफ़ से छपाई, सुखाने, मोड़ने और बँधाई तक—हर पड़ाव धैर्य माँगता है। अगली बार किताब उठाएँ तो उसकी रीढ़ में छिपे काम को भी याद कीजिए।

SCAN / TAP TO EXPLORE

Follow a book through the karkhana

lepress.in · opens in your browser

The anatomy of a sewn book · सिली हुई किताब की बनावट



Fold → gather → sew. A simplified view inside a sewn book.

NOVEMBER 2026 · THE PRINTING ISSUE / मुद्रण विशेषांक

Printing through the ages.

छपाई के बदलते रूप

A carved block, a case of loose letters, a flat stone: each offers a different answer to the same question. How can one page become many?

Woodblock: the image stands above the cut-away surface. [5]
Movable type: reusable characters are assembled into a page. [2]
Lithography: image areas accept ink while damp non-image areas resist it. [3]

Offset printing adds another step: the inked image passes through an intermediate surface before reaching paper. [6]

Watch the film with a printer's eye. Find the ink, follow the sheet and notice what moves. The most revealing moment may be the instant a fresh impression appears.

तराशा हुआ ब्लॉक, अलग-अलग अक्षरों का केस, सपाट पत्थर—सवाल एक है: एक पन्ने की अनेक प्रतियाँ कैसे बनें?

लकड़ी के ब्लॉक में चित्र उभरा होता है। चल टाइप में अक्षर जोड़कर पन्ना बनता है। लिथोग्राफी में चित्र और बिना चित्र वाले भागों पर स्याही का व्यवहार अलग होता है।

ऑफ़सेट में चित्र बीच की एक सतह से होकर काग़ज़ तक पहुँचता है। [6]

फ़िल्म को मुद्रक की नज़र से देखिए। स्याही कहाँ है? काग़ज़ कैसे चलता है? फिर उस पल को पकड़िए जब एक नई छाप सामने आती है।

Movable type: an illustrative process image from the website collection.

SCAN / TAP TO EXPLORE

Watch Printing Through the Ages

lepress.in · opens in your browser

THE EDITOR'S DESK · संपादक की मेज़

The minds behind the pages.

इन पन्नों के पीछे की आवाज़ें।

A press needs more than machines. It needs people who can recognise a story—and give readers a reason to turn the page.

Ratan Nath 'Sarshar'

Awadh Akhbar

As the newspaper's editor, Sarshar brought journalism and storytelling together. His *Fasana-e-Azad* appeared in its pages, giving readers the world of Azad and the unforgettable Khoji. Our comic returns to those characters with a new adventure. [8]

Munshi Premchand

Madhuri · a later generation

The celebrated storyteller also served as co-editor of *Madhuri*, the Hindi literary monthly published by Naval Kishore Press. His work belongs to the institution's continuing story after the founder's lifetime. [9]

प्रेस को मशीनों के साथ ऐसी नज़र भी चाहिए जो कहानी पहचाने और पाठक को अगला पन्ना पलटने की वजह दे।

रतननाथ 'सरशार'

अवध अख़बार

सरशार इस अख़बार के संपादक थे। यहीं *फ़साना-ए-आज़ाद* के साथ आज़ाद और यादगार खोजी पाठकों से मिले। हमारी नई चित्रकथा उन्हीं पात्रों को एक नए क़िस्से में लौटाती है। [8]

मुंशी प्रेमचंद

माधुरी · अगली पीढ़ी

महान कथाकार नवल किशोर प्रेस की हिंदी साहित्यिक मासिक *माधुरी* के सह-संपादक भी रहे। यह संबंध संस्थापक के जीवनकाल के बाद जारी रही विरासत का हिस्सा है। [9]

A newspaper's public face.
Awadh Akhbar, 1 January 1875. The illustrated masthead rises above closely set columns.
१ जनवरी १८७५: चित्रित मुखशीर्ष और ख़बरों के सघन स्तंभ।

SCAN / TAP TO EXPLORE

Explore Awadh Akhbar

lepress.in · opens in your browser

Khoji and the missing letter.

खोजी और गुमशुदा अक्षर

A new Khoji adventure inspired by Sarshar's characters. AI-assisted illustrations. / सरशार के पात्रों से प्रेरित नई चित्रकथा।

Compositor: "A letter is missing."
Khoji: "Fortunately, an expert has arrived."

कंपोज़िटर: "एक अक्षर ग़ायब है।"
खोजी: "अच्छा हुआ, माहिर आ पहुँचा!"

Khoji: "Nobody move. Especially the letters."
Azad: "They have been quite still."

खोजी: "कोई न हिले। ख़ासकर अक्षर!"
आज़ाद: "वे तो चुपचाप बैठे हैं।"

Khoji: "How did you notice?"
Reader: "I read it."
Khoji: "Excellent method!"

खोजी: "पता कैसे चला?"
प्रूफ़रीडर: "पढ़ा, तो पता चला।"
खोजी: "उम्दा तरीक़ा!"

Khoji: "Could it be inside a book?"
Binder: "We fold paper, sahib—not letters."

खोजी: "किताब में तो नहीं छिपा?"
जिल्दसाज़: "हुज़ूर, हम काग़ज़ मोड़ते हैं, अक्षर नहीं।"

The case is solved.

गुत्थी सुलझ गई!

Khoji: “The culprit is very close to—”
Click. A piece of type falls from his cuff.

खोजी: “मुजरिम बहुत क़रीब का—”
टक! आस्तीन से टाइप का टुकड़ा गिरा।

Compositor: “Found it!”
Azad: “Your sleeve has confessed.”

कंपोज़िटर: “मिल गया!”
आज़ाद: “आस्तीन ने इक़बाल कर लिया।”

Khoji: “I was keeping the evidence safe.”
Azad: “Thank you for releasing it.”

खोजी: “सबूत मेरी हिफ़ाज़त में था।”
आज़ाद: “रिहा करने का शुक्रिया!”

Khoji: “Print it! Mystery solved.”
Azad: “Not a sword drawn. Only a sleeve shaken.”

खोजी: “छापिए! गुत्थी सुलझ गई।”
आज़ाद: “न तलवार चली—बस आस्तीन झाड़ी गई।”

The end. Khoji will return. / खोजी फिर लौटेंगे।

More reading: lepress.in/awadh-akbar.html ↗

NOVEMBER 2026 · THE PRINTING ISSUE / मुद्रण विशेषांक

Walk through a world of print.

छपाई की दुनिया में चलिए

Begin above the rooftops. Take in the courtyards and workspaces, then move closer to one corner of the press. A whole world of making awaits.

The digital museum invites you to follow a book through the work behind its pages. Choose a machine, turn the view and let one question lead to another.

At the composing table: how do loose characters become orderly lines?

In the lithography studio: how does a flat surface hold a printable image?

At the finishing bench: when do separate sheets become a book?

Find a detail that makes you pause. Begin there.

पहले छतों के ऊपर से देखिए। आँगन और काम की जगहें पहचानिए, फिर किसी एक कोने के पास जाइए। बनाने की पूरी दुनिया आपका इंतज़ार करती है।

डिजिटल संग्रहालय में किताब के पीछे का काम खोजिए। कोई मशीन चुनिए, दृश्य घुमाइए और एक सवाल से दूसरे तक पहुँचिए।

कंपोज़िंग टेबल पर बिखरे अक्षर पंक्तियाँ कैसे बनते हैं? लिथोग्राफी की सपाट सतह पर चित्र कैसे छपता है? फ़िनिशिंग बेंच पर काग़ज़ कब किताब बनता है?

सब कुछ एक साथ देखने की जल्दी नहीं। जिस बारीकी पर नज़र ठहरे, शुरुआत वहीं से कीजिए।

The press reimagined in 3D. Interpretive digital reconstruction.

SCAN / TAP TO EXPLORE

Enter the virtual museum

lepress.in · opens in your browser

NOVEMBER 2026 · THE PRINTING ISSUE / मुद्रण विशेषांक

Metaphor: the conversation continues.

मेटाफ़र: बातचीत जारी है

Metaphor Lucknow Litfest
28–29 November 2026

Le Press, Hazratganj · 14th edition. [7]

Some books stay with us because of a sentence. Others because of the conversation they begin. This November, make room for both.

Bring the friend whose reading tastes surprise you. Bring a question you have wanted to ask. Between conversations, take a coffee break, browse the stores and return with a fresh thought.

A place once devoted to putting words into print welcomes people who keep those words alive. Join the conversation.

Scan below for the latest programme, timings and entry details.

मेटाफ़र लखनऊ लिटफ़ेस्ट
२८–२९ नवंबर २०२६

कुछ किताबें अपनी एक पंक्ति से याद रहती हैं, कुछ उनसे शुरू हुई बातचीत से। इस नवंबर दोनों के लिए समय निकालिए।

उस दोस्त को साथ लाइए जिसकी पसंद आपकी पसंद से अलग हो। अपना कोई सवाल साथ रखिए। बीच में कॉफ़ी पीजिए, दुकानों में घूमिए और नए ख़याल के साथ लौटिए।

जहाँ कभी शब्द छपते थे, वहाँ उन्हें जीवंत रखने वाले लोग मिलेंगे। महफ़िल में शामिल होइए।

नए कार्यक्रम, समय और प्रवेश की जानकारी QR पर मिलेगी।

Le Press today: the setting for a new conversation.

SCAN / TAP TO EXPLORE

Metaphor programme and updates

lepress.in · opens in your browser

OCTOBER HIGHLIGHTS · अक्टूबर की झलकियाँ

New doors. New discoveries.

स्वाद, कॉफ़ी और बुनाई के नए पते।

Three arrivals. More reasons to linger at Le Press. / तीन नए पड़ाव—ले प्रेस में कुछ और देर ठहरिए।

CIBO entrance at Le Press.

CIBO · A new table in Hazratganj

CIBO brings Pan-Asian and modern Indian cooking to Le Press. Browse the boutiques, then let the evening continue over dinner and conversation.

CIBO में पैन-एशियन और आधुनिक भारतीय भोजन के साथ शाम आगे बढ़ाइए। दुकानों में घूमने के बाद खाने और बातचीत की महफ़िल सजाइए।

Banaras weaving, contemporary styling. Kaushyam brand photograph.

Kaushyam · Banaras meets Lucknow

Banaras handwoven sarees meet corsets, waistcoats and jackets at Kaushyam. Watch the launch film, then come closer to the weave and find your own pairing.

Kaushyam में बनारस की हथकरघा साड़ियाँ कॉर्सेट, वेस्टकोट और जैकेट से मिलती हैं। लॉन्च फ़िल्म देखिए और अपनी पसंद का मेल चुनिए।

Third Wave Coffee · brand photograph.

Third Wave Coffee · A new coffee stop

October also welcomed Third Wave Coffee to Le Press. Make it a meeting point before a museum visit, a pause between shops, or a reason to stay for one more conversation.

अक्टूबर में थर्ड वेव कॉफ़ी ने भी ले प्रेस में शुरुआत की। संग्रहालय जाने से पहले यहीं मिलिए, ख़रीदारी के बीच ठहरिए, या कॉफ़ी पर बातचीत कुछ और बढ़ाइए।

SCAN / TAP TO EXPLORE

Discover CIBO

lepress.in

SCAN / TAP TO EXPLORE

Store & launch film

lepress.in

Explore Third Wave & all dining partners · lepress.in/dining-in-hazratganj.html ↗

All 24 partners: lepress.in/partners.html · @lepress_lucknow.

Editorial note: Printing processes are explained generally; digital scenes are reconstructions. The 1875 page is shown for its design; lower reports are untranslated. Khoji is new fiction. Sources and image credits accompany this edition. Third-party media retain their owners' rights. Corrections: info@lepress.in.

[8] Rekhta: Sarshar profile. [9] Murali Ranganathan: Premchand's publishing career, The Wire / PrintWeek.